(घ) इसके कारण क्या हैं ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) से (घ) प्रचालन की कुल लागत और बाजार की स्थिति पर विचार करने के बाद इंडियन एयरलाइन्स द्वारा किराए निर्धारित किए जाते हैं । दिनांक 1-3-94 से वायु निगम अधिनियम 1953 के निरसन के बाद से अब इंडियन एयरलाइन्स अपने किराए निर्धारित करने के लिए सक्षम है । एयर टैक्सी प्रचालकों के विमान किराए ढांचे को नियमित करने के लिए एअर टैक्सी मार्गदर्शी सिद्धांत में कोई प्रावधान नहीं है ।

मुम्बई स्थित एरोब्रिज का बार-बार ढहना

1416. **श्री अजीत जोगी** : क्या **नागर विमानन और पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मुम्बई विमानपत्तन पर बना एरोब्रिज अक्सर ढह जाता है ;

(ख) यदि हां, तो 1990, 1991 और 1992 के वर्षों में क्रमशः हुई उपर्युक्त घटनाओं का ब्यौरा क्या है ;

(ग) इन घटनाओं के लिए जिम्मेदार व्यक्तियों के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई है ; और

(घ) मुम्बई विमानपत्तन के कार्यकरण में सुधार लाने के लिए क्या क्या कदम उठाए गए हैं ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) और (ख) जी, नहीं । बम्बई हवाई अड्डे पर एयरोब्रिज के उप प्रचालन की केवल एक घटना हुई थी जो 19-4-92 को घटी थी ।

(ग) मामले की छानबीन की गई और इसमें अंतर्ग्रस्त अधिकारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है ।

(घ) निम्नलिखित कदम उठाए ग हैं :—

(1) एयरोब्रिज आपरेटरों को प्रशिक्षित किया गया है ।

(2) एक विशेषज्ञ फर्म के माध्यम आवधिक जांचें, सर्विसिंग तथा निगा रख-रखाव किए जा रहे हैं ।

मध्य प्रदेश में हवाई पट्टियों का विका तथा उन पर किया जाने वाला खर्च

1417. **श्री अजीत जोगी** : क **नागर विमानन और पर्यटन** मंत्री य बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य प्रदेश में अनेक हव पट्टियों में वायुदूत सेवाएं बंद कर गई हैं ;

(ख) यदि हां, तो उसके क्या का हैं ;

(ग) क्या राज्य सरकार ने इ सेवाओं को पुनः शुरु करने हेतु हव पट्टियों के विकास और विस्तार के लि भूमि देने तथा उन पर किये जाने व खर्च में हिस्सेदारी करने की पेशव की है ;

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा व है ; और

(ङ) राज्य में इन हवाई पट्टियों वायुदूत सेवाएं पुनः शुरु करने के संबंध वर्तमान स्थिति क्या है ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) और (ख जी, हां । वाणिज्यिक और प्रचालनात्म कारणों से मध्य प्रदेश राज्य में वायु की सेवाएं बन्द कर दी गई हैं ।

(ग) और (घ) जबलपुर हवाई पर 6500 फुट तक धावनपथ के विस्त के लिए मध्य प्रदेश राज्य सरकार राष्ट्रीय विमानपत्तन प्राधिकरण को निःश 7 ए कड़ भूमि सौंपी है । तथ